https://cm.jharkhand.gov.in/

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 19/05/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति -- 433/2025
19 मई 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
==================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन, जेएससीए के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री अजय नाथ शाहदेव, उपाध्यक्ष श्री संजय पांडेय, सचिव श्री सौरभ तिवारी (पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर), कोषाध्यक्ष श्री अमिताभ घोष, मैनेजिंग कमिटी के सदस्य श्री मिहिर प्रितेश टोप्पो, श्री रमेश कुमार, श्री संजय जैन, श्री रत्नेश कुमार सिंह, जिला प्रतिनिधि श्री श्रीराम पुरी और श्री उत्तम कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को जेएससीए चुनाव से संबंधित पूरी जानकारी दी।मुख्यमंत्री ने जेएससीए के सभी निर्वाचित सदस्यों को हार्दिक बधाई तथा शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि जेएससीए की नई टीम पूरी ऊर्जा और क्षमता के साथ झारखंड में क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम करेगी।

==========================

#Team PRD(CMO)